तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



14 हर्षोल्लास के साथ मनाएं होली का पर्वः विकास पाटले





14 नगर के विभिन्न वार्डों में हुआ शिव ध्वजारोहन









## खबर संक्षेप

### टाइगर रिजर्व में शावक के साथ दिखे दो तेंदुए, तस्वीरें कैमरे में हुई कैद



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में हाई तकनीकी के ट्रैप कैमरा जंगल के अंदर जगह जगह लगाये गये है, पहली बार तेन्दुए की तस्वीर शावक के साथ कैमरे में कैद हुई है, जिसे हमारे हरिभूमि अखबार को प्रकाशित करने उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने फोटो उपलब्ध कराई है।

### ग्राम कठिया में मानसगान समारोह 15 से 17 तक

**अभनपुर।** बाल समाज श्री मानस परिवार के तत्वाधान मे त्रि दिवसीय अखंड रामायण समारोह का आयोजन 15 से 17 मार्च तक ग्राम कठिया मे रखा गया है। प्रतियोगिता मे प्रदेश के अलग अलग क्षेत्र के ख्याति प्राप्त मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगे। उक्त जानकारी हितेश गुप्ता द्वारा दी गई है।

### होली पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी

**गरियाबंद।** होलिका दहन एवं होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए 13 एवं 14 मार्च को जिले के समस्त तहसीलों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारी ड्यूटी लगाई गई है। उक्त तिथि को समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने-अपने तहसील क्षेत्र में रहना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार गरियाबंद श्री मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार श्री डोनेश्वर साहू एवं सुश्री अवंतिका गुप्ता का सम्पूर्ण गरियाबंद तहसील के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

### बाजार में रंग बिरंगी पिचकारियों की भरमार, सुनाई देने लगी नगाड़े की थाप

# होली पर चमका मैनपुर का बाजार, पर्व की चढ़ी खुमारी, खूब बिके रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

होली के चलते बाजार में अभी से रंगों की खुमारी छाने लगी है जगह–जगह रंग गुलाल की दुकानें सज गई है जहां अभी से लोग खरीदारी के लिए अपने बच्चों के साथ पहुंचने लगे हैं इस बार पिचकारी में इलेक्ट्रानिक आइटम का समावेश हुआ है, जो बच्चों को खासा पसंद आ रहा है वहीं अरारोट गुलाल की डिमांड भी देखने को मिल रही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज होली सप्ताहिक बाजार होने के कारण जमकर खरीदी बिक्री हुई देर शाम तक बाजार में भारी भीड़ लगी रही। नगर के बाजारों में होली से पहले ही रंग और पिचकारी की रौनक देखने को मिलने लगी है लगभग सभी थोक दुकानों में रंग–गुलाल और पिचकारियों की बिक्री शुरू हो चुकी है पिचकारियों की भी बढ़ी हुई मांग है यह गन पानी को बटन दबाने पर पंप की तरह दूर तक फेंकती है इसकी कीमत 500 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक है ये गन रिचार्जेबल बैटरियों से चलती हैं और कुछ में तो पानी के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए स्पीड कंट्रोल भी दिया गया है व्यापारियों ने बताया कि इस बार गन के साथ पानी के टैंक की कई नई वैरायटी उपलब्ध हैं छोटे बच्चों के लिए आधे से एक लीटर के टैंक और किशोरों के लिए पांच से आठ लीटर क्षमता वाले टैंक भी बाजार में हैं, जिनसे पानी भरकर लोग आसानी से पिचकारी से रंग फेंक सकते हैं इसके अलावा, पारंपरिक पिचकारियों और रंगों से भी बाजार सजा हुआ है बच्चों के लिए पिचकारी बॉक्स भी इस बार विशेष रूप से उपलब्ध हैं, इनमें पिचकारी के साथ–साथ अलग–अलग रंग–गुलाल भी होते हैं।



**शाम होते ही सुनाई देने लगी नंगाड़े की थापः** मैनपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रे में शाम होते ही फाग गीतो के साथ नंगाड़े की थाप सुनाई देने लगी है छोटे –छोटे बच्चे और युवा नंगाड़े खरीदी बिक्री करते दिखाई दे रहे है मैनपुर में 150 रूपये से लेकर 1500 रूपये तक के नंगाड़े बिक रहे है।

### महिलाएं बना रही हैं हर्बल रंग और गुलाल

महिला सहायता समूह लोगों के लिए केमिकल रंगों के स्थान पर एक शानदार विकल्प लेकर आई है महिलाएं प्राकृतिक और हर्बल रंग के साथ गुलाल बना रही हैं ये महिला समूह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर ऐसे रंग बना रही है, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि लोगों की त्वचा के लिए भी सुरक्षित हैं महिलाएं इन रंगों को बनाने में पलाश के फूल, गुलाब, गेंदा, चुकंदर, गाजर, नीम, अमरूद के पत्ते और पालक जैसी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल कर रही हैं गुलाल का बेस मैदा, चावल का आटा और अरारोट पाउडर से तैयार किया जा रहा है। खुशबू के लिए चंदन पाउडर और इत्र का भी प्रयोग किया जा रहा है, जिससे ये रंग और भी आकर्षक बन रहे हैं इन महिला समितियों का लक्ष्य है कि लोगों को पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक होली मनाने के लिए प्रेरित करना।मैनपुर नगर के वरिष्ठ व्यवसायी पारस सिन्हा, नरेश सिन्हा, रजनिश गुप्ता ने बताया होली पर्व के चलते तरह –तरह की पिचकारिया हर रेंज में उपलब्ध है और इस वर्श जमकर बिक्री हो रही है।

# कोपरा गौशाला में 40 गायों की मौत, कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत कोपरा गौशाला में लगभग 40 गायों की मौत से सनसनी फैल गई है। इस घटना के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर गठित इस समिति का संयोजक पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू को बनाया गया है। समिति में पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल और पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।



**जांच समिति का दौरा और कार्रवाई :** समिति के सदस्य 12 मार्च को कोपरा गौशाला का दौरा करेंगे और ग्रामवासियों व गौशाला कर्मियों से बातचीत कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। इस जांच का उद्देश्य गौशाला में हुई गायों की मौत के पीछे की वास्तविक वजहों को उजागर करना और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को रिपोर्ट सौंपना है।

### प्रशासन पर उठे सवाल

गौशाला में इतने बड़े पैमाने पर गायों की मौत के बाद प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों और विपक्षी दलों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह त्रासदी हुई। अब देखना होगा कि कांग्रेस की जांच समिति अपनी रिपोर्ट में क्या निष्कर्ष निकालती है और प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है। गौशाला में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर जिलेभर में नाराजगी और चिंता का माहौल है। वहीं, पशु संरक्षण और गौशालाओं की स्थिति पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

# नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मंगलवार को सुबह शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदो के शपथ ग्रहण समारोह का नजारा ऐसा था कि हर कोई इसकी सराहना किए बिना नही रह सके। अध्यक्ष महेश यादव एवं पार्षद तुषार कदम ने संस्कृत में शपथ लिया बाकी सभी पार्षदो ने हिंदी में शपथ ली। शपथ लेने के पहले सबसे पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदो ने छत्तीसगढ़ के गांधी सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित सुंदरलाल शर्मा की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। फिर मंच में पहुंचकर भाजपा-कांग्रेस एवं निर्दलीय सभी पार्षदो ने एक ही मंच में शपथ ग्रहण किया। निर्वाचन अधिकारी विशाल महाराणा एवं फिंगेश्वर तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने शपथ दिलाया। सबसे पहले अध्यक्ष महेश यादव ने संस्कृत में शपथ लिया उसके बाद वार्ड नं 2 के निर्दलीय पार्षद तुषार कदम ने भी संस्कृत में शपथ लिया। शपथ ग्रहण के पहले बैंड बाजे के साथ जमकर आतिशबाजी की गई। मुख्य मंच के बाजु में एक दूसरा मंच बना हुआ था जिसमें सांस्कृतिक कलाकारो ने श्रीराम आएंगे एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत गाते रहे। खास बात यह रही कि मंच में शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी पार्षदो ने जय-जय श्रीराम,भगवान श्री राजीव लोचन,श्री कुलेश्वरनाथ महादेव,मां महामाया और भारत माता के जयकारे लगाते रहे।

- अध्यक्ष महेश यादव एवं पार्षद तुषार कदम ने संस्कृत में ली शपथ



# पाइप लाइन जाम, नपाध्यक्ष ने टैंकर से कराई पानी की आपूर्ति



**नवापारा-राजिम।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 में पानी की समस्या का नगरपालिका अध्यक्ष ने त्वरित निराकरण किया। नवापारा के वार्ड 8 लोगो ने सुबह वार्ड में पानी सप्लाई न होने की सूचना नगरपालिका अध्यक्ष को दी। तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड 8 पहुंचकर समस्या को जाना एवं तात्कालिक व्यवस्था करते हुए टैंकर से पानी उपलब्ध करवाया। पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू ने बताया कि वार्ड क्रमांक 8 में पाइप लाइन में अवरोध होने के कारण आज पानी सप्लाई नहीं हो पाई। जिसकी सूचना मुझे वार्ड वासियों ने दी। अविलंब टैंकर की व्यवस्था कर वार्ड वासियों को पानी उपलब्ध कराया गया। बहुत जल्द ही पाइप लाइन में आए गतिरोध को सुधार लिया जाएगा। एवं पानी की सप्लाई पुनः प्रारंभ हो जाएगी।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468


# नपं अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी सहित 15 पार्षदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ



हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर मे शासन के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी एव 15 पार्शदों को उनके पद का शपथ राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने दिलाई। मंचस्थ सभी अतिथियो ने दलगत भावना से उपर उठकर जनता का काम करने की अपील की।

शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे शपथ लेने वाले अध्यक्ष एवं पार्शदों को बधाई देता हूं। सभी से उम्मीद करता हूं कि आपस मे मिलजुलकर नगर का विकास करे। योजनाओं के क्रियान्वन के लिए अध्यक्ष उस घर मे पहुंच कर देखे योजनाएं सही रूप से फलीभूत हो रही हैं कि नहीं। आपके कार्य एवं व्यवहार लोगो के समीप पहुंचे। हमारे मन मे भावना होनी चाहिए काम करने की।आप सही तरीके काम करोगे उसका फल मिलेगा।समस्याओं का निराकरण बिना भेदभाव से करें।शासन को हमने करीब से देखा है।उन्होंने पंडित “यामचरण शुक्ला के कार्यो को बताया।जनता की योजनाओं मे शासन का नुकसान भी हो रहा हो उसके बाद भी करना चाहिए। समरसता की भावना से नगर के विकास कार्यो को करने आप सभी को एकजुट होना चाहिए। फिंगेश्वर नगर पंचायत से एक ऐसा उदाहरण बने जो पूरे छत्तीसगढ़ मे उदाहरण बने।पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि आम जनता ने जो भरोसा कर आशीर्वाद दिया है उस पर आप सभी को खरा उतरना होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा कि शासन के योजनाओं को लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाए नगर के हर वार्ड तक पहुंचे इस बात को दोनो दलों के प्रतिनिधियों का सोचकर करना होगा। एक होकर काम करने की चिंतन करने की आवश्यकता है।





नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।










प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123










प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) - छुरा, मो. 9893464850

